प्रेस नोट 2025/03

फूल डालने के साथ देहरी पर जागरूकता भी,रुद्रप्रयाग में श्फूल देई, वोट देईश अभियान चलाकर बच्चों ने संभाली जिम्मेदारी

देहरादून। उत्तराखंड की लोक परंपरा फूल देई इस बार रुद्रप्रयाग में खास अंदाज में मनाई जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देश पर जनपद रुद्रप्रयाग द्वारा लोकपर्व फूलदेई के साथ मतदाता जागरूकता की अद्वितीय पहल की गई है।

इस पहल के तहत स्थापनीय बच्चे परंपरा निभाते हुए जहां घर–घर देहरी पर फूल बिखेर रहे हैं, वहीं लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर भी एक अनूठा संदेश दे रहे हैं। जनपद के तीनों विकासखंडों में इन दिनों स्वीप ‘(टम्म्च) कार्यक्रम के तहत श्फूल देई, वोट देईश अभियान जोर–शोर से चलाया जा रहा है। बच्चे फूलों के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश भी दे रहे हैंकृष्जैसे देहरी पर फूल डाले, वैसे वोट डालना न भूलें।ष

स्वीप के जिला समन्वयक वी.के. यादव ने बताया कि यह अभियान पूरे मार्च माह तक चलेगा। इस अभियान में बच्चों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और गांव–गांव जाकर वे लोगों से मतदान में भागीदारी की अपील कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस अनोखे प्रयास का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोक पर्व और लोकतंत्र दोनों की महत्ता को जोड़ते हुए लोगों को यह संदेश देना है कि जैसे श्फूल देईश में हर किसी की सहभागिता जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र के पर्व में वोट डालना भी सबकी जिम्मेदारी है।ग्रामीणों में भी इस अभियान को लेकर उत्साह है। लोग बच्चों की इस अनूठी पहल की सराहना कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार श्फूल देईश सिर्फ खुशहाली की दुआ लेकर नहीं आई, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश भी साथ लाई है।•

...........